# MORNING GLORY LEASING AND FINANCE LIMITED

**Iris House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046**
**CIN: L67120DL1984PLC018872**

Date: 24.04.2026

To,
The Head- Listing & Compliances
Metropolitan Stock Exchange of India Limited
Vibgyor Towers, 4th floor, Plot No C 62, G - Block,
Opp. Trident Hotel, Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai – 400098

**Sub: Newspaper Publication - Notice issued to Shareholders with regard to opening of a Special Window for transfer and dematerialization of physical shares.**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copy of Notice issued to Shareholders by way of publication in the newspapers viz. Top Story (English) and Metro Media (Hindi) on Friday, 24th April, 2026 with regard to opening of a special window for transfer and dematerialization of physical shares in accordance with SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 dated January 30, 2026.

This intimation shall also be available on the website of the Company www.morninggloryleasing.in

This is for your kind information and record please.

Yours faithfully,
For Morning Glory Leasing and Finance Limited

Raman Kumar Digitally signed by Raman Kumar Date: 2026.04.24 17:02:56 +05'30'

Raman Kumar
Company Secretary and Compliance Officer
ACS 14972

Phone No. : +91 1147119100
Email: morninggloryleasing@gmail.com

# फर्जी मतदान, हिंसा और गड़बड़ियों ने उत्तरी बंगाल के चुनावों को दागदार बनाया

## कई निर्वाचन क्षेत्रों में फर्जी वोटिंग की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आईं हैं

**सिलीगुड़ी,एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान उत्तर बंगाल के कई हिस्सों में फर्जी मतदान, हिंसा और गड़बड़ियों की रिपोर्टें सामने आई हैं, जिसने मतदान प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कूचबिहार, मालदा, उत्तर दिनाजपुर और दार्जिलिंग जैसे क्षेत्रों में मतदान के दौरान हिंसा और मतदाताओं को डराने-धमकाने की भी घटनाएं दर्ज हुई हैं।

चुनाव आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं, जिसमें केंद्रीय बलों की तैनाती और सीसीटीवी निगरानी के बावजूद फर्जी वोटिंग, हिंसा, मतदाताओं को वोट देने से रोकने और तकनीकी गड़बड़ियों के आरोपों ने जमीनी स्तर पर कहीं अधिक जटिल तस्वीर पेश की। कई निर्वाचन क्षेत्रों में फर्जी वोटिंग की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आईं हैं।

सिलीगुड़ी में बूथ नंबर 235 के तहत एक मतदान केंद्र पर पहली बार वोट देने आई एक महिला मतदाता को लंबी कतार में खड़े रहने के बाद पता चला कि उसका वोट पहले ही डाला जा चुका है।

इसी इलाके में एक अन्य युवा मतदाता ने भी इसी तरह की



शिकायत की। सिलीगुड़ी से ऐसी तीन घटनाएं सामने आईं, जहां असली मतदाताओं ने पाया कि किसी और ने उनके नाम पर वोट डाल दिया था। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार गौतम देब ने इस पर आपत्ति जताई और इन मामलों में 'टेंडर्ड वोट' (विशेष वोट) डालने की व्यवस्था की।

फांसीदेवा से भी इसी तरह की एक शिकायत आई है जहां एक मतदाता ने आरोप लगाया कि उसके बूथ पर पहुंचने से पहले ही उसका वोट किसी और ने डाल दिया था।

मालदा जिले में पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) के दुरुपयोग के कई मामले सामने आए। हबीबपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुलबुलचंडी में बूथ नंबर 231 पर एक बुजुर्ग मतदाता प्रकाश प्रसाद को बताया गया कि उनके नाम पर पहले ही एक पोस्टल बैलेट जारी किया जा चुका है और उसका इस्तेमाल भी हो चुका है, जिससे उन्हें वोट डालने से रोक दिया गया। उन्होंने इस बात पर गंभीर सवाल उठाए कि बैलेट कैसे जारी हुआ और वोट किसने डाला।

गजोल (बूथ नंबर 229) के अंतर्गत नयापारा से सामने आए एक अन्य मामले में रिक्ता मंडल यह जानकर हैरान रह गईं कि उनका वोट पोस्टल बैलेट के जरिए डाला जा चुका है, जिससे उन्हें मतदान केंद्र पर वोट डालने के अधिकार से वंचित कर दिया गया। कई इलाकों से हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं भी सामने आईं, जिससे मतदाताओं की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

# राष्ट्र निर्माण में योगदान दें छात्र एवं शिक्षक : सिन्हा

**जम्मू, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को छात्रों और शिक्षकों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और कक्षाओं को आज के बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप ढालने का आह्वान किया। नगरोटा के पंजग्रैन में स्वामी प्रणवानंद विद्यामंदिर के नए स्कूल भवन का उद्घाटन करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि भारत को एक प्रमुख ज्ञान अर्थव्यवस्था (नॉलेज इकोनॉमी) बनाने के लिए यह बदलाव जरूरी है।

उपराज्यपाल ने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित इस स्कूल के नए भवन और बुनियादी ढांचे से गरीब और वंचित बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह संस्था 2014 से 'हर घर शिक्षा' पहल के तहत काम कर रही है और यहाँ आधे से अधिक छात्र गरीब परिवारों से हैं। जब इस इमारत की सभी मंजिलें तैयार हो जाएंगी, तब यहाँ 1,500 से अधिक छात्र पढ़ सकेंगे और 100 लड़कों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होगी।

श्री सिन्हा ने समग्र शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें छात्रों में सांस्कृतिक जागरूकता और संचार कौशल को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा केवल अंकों और किताबी ज्ञान तक सीमित है और जिसमें कला, खेल व कौशल की कमी है।

## एक नजर

### कांग्रेस ने आरटीसी कर्मचारियों का किया समर्थन

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने गुरुवार को सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) के कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और हड़ताल को समाप्त करने की अपील की है। तेलंगाना कांग्रेस महासचिव बी. नागेश ने गांधी भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आरटीसी कर्मचारियों ने तेलंगाना राज्य आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी और वे पहचान और समर्थन के हकदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री केसीआर ने उनके योगदान को कम करके आंका और एक समय तो यह भी कह दिया था कि आरटीसी खत्म हो चुकी है। इसके अलावा उन्होंने यूनियनों की भूमिका का भी विरोध किया था।

कांग्रेस नेता ने ट्रेड यूनियनों को जरूरी माना और जोर देकर कहा कि पार्टी तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) की सुरक्षा और मजबूती के लिए पूरी तरह से खड़ी है। उन्होंने केसीआर के पहले के उस दावे का भी खंडन किया कि सरकार आरटीसी का वित्तीय बोझ नहीं उठा सकती। नागेश ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी पहले ही कह चुके हैं कि हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे 'साजिश करने वालों' के बहकावे में न आएं और पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार तथा मौजूदा कांग्रेस सरकार के बीच के अंतर को पहचानें।

### भारत 31 मई को भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत अफ्रीकी संघ आयोग के सहयोग से आगामी 31 मई को यहां चौथे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन (आईएएफएस-4) की मेजबानी करेगा जिसमें पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के नेता, अफ्रीकी संघ आयोग तथा क्षेत्रीय संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत-अफ्रीका साझेदारी को मजबूत करना है जिससे कि विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने के लिए रूपरेखा तैयार की जा सके। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आईएएफएस-4 का लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया।

# हिमाचल प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा का विस्तार

**शिमला, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने पेंशन का वितरण समय पर सुनिश्चित करने के साथ-साथ समाज के कमजोर वर्गों में कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक विस्तार करने के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है। एक सरकारी प्रवक्ता ने गुरुवार को यहां कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पिछले तीन वर्षों में 99,799 नए सामाजिक सुरक्षा पेंशन मामलों को मंजूरी प्रदान की है, जिससे राज्य में लाभार्थियों की कुल संख्या 8,41,917 हो गई है। लाभार्थियों में वरिष्ठ नागरिक, विधवाएं, एकल महिलाएं और विभिन्न पेंशन श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजन शामिल हैं।



- लाभार्थियों में वरिष्ठ नागरिक, विधवाएं, एकल महिलाएं और विभिन्न पेंशन श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजन शामिल हैं।

कुल लाभार्थियों में से 1,04,740 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, 5,04,253 को राज्य वृद्धावस्था पेंशन, 25,414 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन मिल रही है और 1,26,808 विधवा, निराश्रित और एकल महिला पेंशन योजना के अंतर्गत आते हैं। इसके अलावा, 1,340 लाभार्थियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन मिल रही है, जबकि 78,291 लाभार्थियों को दिव्यांगता राहत भत्ता मिल रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 2023-24 में 41,799 नए पेंशनों को मंजूरी दी गई, इसके बाद 2024-25 में 41,012 और 2025-26 में 16,988 मामलों को मंजूरी दी गई।

जो सामाजिक सुरक्षा कवरेज पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में पेंशन नियमों में संशोधन को मंजूरी दी है ताकि प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा सके और लाभार्थियों को समय पर पेंशन का वितरण सुनिश्चित किया जा सके। कमजोर वर्गों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत 69 वर्ष तक की 2,67,040 महिलाओं को 1,500 रुपये की मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य में वर्तमान में 5,04,253 वृद्धा पेंशनभोगी, 1,26,808 विधवाएं, निराश्रित और एकल महिला लाभार्थी, दिव्यांगता राहत भत्ता के तहत 78,291 लाभार्थी, कुष्ठ रोग के लिए पुनर्वास भत्ता प्राप्त करने वाले 1,021 लाभार्थी और 50 ट्रांसजेंडर पेंशनभोगी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार ने 100 प्रतिशत दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 1,700 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह करने का निर्णय लिया है जिससे राज्य में लगभग 7,000 व्यक्तियों को लाभ मिलेगा।

### जल्द ही राष्ट्रीय पार्टी बनकर उभरेगी जदयू: शैलेन्द्र कुमार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा है कि जदयू जल्द ही राष्ट्रीय पार्टी बनकर उभरेगी। कुमार ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा के बाद शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। कुमार ने जिस तरह कुशलता,समर्पण और संगठनात्मक क्षमता के साथ पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया, उसका सकारात्मक परिणाम गत लोकसभा चुनाव और बिहार विधानसभा चुनावों में देखने को मिला।

# विपक्ष के खिलाफ दोहरा बर्ताव कर रहा है चुनाव आयोग: प्रियांक खरगे

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस को नोटिस दिए जाने के बाद कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने विपक्षी नेताओं को लक्षित रूप से निशाना बनाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। खरगे ने गुरूवार को कहा कि चुनाव आयोग को नोटिस जारी करने का अधिकार है, लेकिन विपक्ष की आवाज़ों के मामले में चुनिंदा कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी एजेंसियों का उपयोग विपक्षी दलों पर दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस आर्थिक आतंकवाद करार देती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आयोग के नोटिस का उचित जवाब देगी।

खरगे ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर भाजपा के विरोध को लेकर सवाल उठाते हुए सत्तारूढ़ दल पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अतीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या उस मामले में भी भाजपा समान स्तर का विरोध दर्ज कराएगी। खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के पास मुद्दों की कमी हो गई है।

# तमिलनाडु के दो गावों में लोगों ने विधानसभा चुनावों का किया बहिष्कार

**चेन्नई, एजेंसी।**

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान गुरुवार को तिरुनेलवेली और पुदुक्कोट्टई जिलों के दो गांवों के लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। जानकारी के मुताबिक पुदुक्कोट्टई जिले के वेंगाइवयल गांव के अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों ने चुनाव में हिस्सा नहीं लिया। उनकी नाराजगी दिसंबर 2022 की उस घटना को लेकर है, जब गांव की पानी की टंकी में मानवीय अपशिष्ट (गंदगी) मिला दिया गया था।

ग्रामीणों का कहना है कि तीन साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी असली दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। विरोध जताने के लिए ग्रामीणों ने अपने घरों पर काले



झंडे भी फहराए और मतदान केंद्रों से दूरी बनाए रखी। इसी तरह, तिरुनेलवेली जिले के पेरुमपथी गांव में भी सन्नाटा पसरा रहा। यहां के सभी 969 मतदाताओं ने दोपहर एक बजे तक एक भी मत नहीं डाला। ग्रामीण पिछले महीने हुए दो लोगों के बेरहम कत्ल के मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं। मार्च की शुरुआत में नशे में धुत एक गिरोह ने गांव पर हमला कर दो लोगों की हत्या कर दी थी और छह अन्य को घायल कर दिया था।

### शुभेंदु को पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का भरोसा

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में नंदीग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार एवं वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को नंदीग्राम मतदान केन्द्र पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और पार्टी की जीत का भरोसा जताया। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस का इस बार चुनाव जीतने का कोई मौका नहीं है। पश्चिम बंगाल में आज पहले चरण में 152 विधानसभा सीटों के लिए मतदान जारी है।

राज्य में दो चरणों में मतदान कराया जा रहा है। जबकि पिछली बार आठ चरणों में मतदान कराया गया था।

# केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने तेलंगाना सरकार पर साधा निशाना

**हैदराबाद, एजेंसी।**

तेलंगाना में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) के कर्मचारियों की हड़ताल और एक जांच पैनल की रिपोर्ट सहित कई मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। किशन रेड्डी ने नल्लाकुंटा फीवर अस्पताल में ईसीजी मशीनों और अन्य चिकित्सा उपकरणों को वितरित करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार की जांच के लिए गठित पीसी घोष समिति की रिपोर्ट को अमान्य और गैर-कानूनी करार दिया।

उन्होंने उच्च न्यायालय की टिप्पणी को कि समिति ने स्थापित मानदंडों के अनुसार काम नहीं किया, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के



नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के साथ-साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए भी एक बड़ा झटका बताया।

केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस की चुनावी वादों को पूरा करने में विफलता के लिए भी आलोचना की, विशेष रूप से उस दावे के लिए जिसमें उसने कहा था कि वह पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के पिछले शासन के दौरान कालेश्वरम परियोजना में गबन किए गए एक लाख करोड़ रुपये की वसूली करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग दो वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

किशन रेड्डी ने कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) दोनों पर तेलंगाना की जनता को गुमराह करने के लिए आपस में मिलीभगत होने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि इस तरह का राजनीतिक आचरण जनता के विश्वास को कम कर रहा है और उन्होंने इस मामले में ईमानदारी से कार्रवाई करने की मांग की।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम और स्थान | DLI डिवीजन के ANVT-TKJ में तीसरी और चौथी लाइन के चालू करने के कार्य के लिए 22 केवी सिंगल फेज एसी के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करने और संशोधन का कार्य। |
| 2 | कार्य का समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 18,74,86,255.73/- |
| 4 | बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है) | Rs 10,87,400/- |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 15.05.2026 को 15.00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 15.05.2026, 15.00 पर बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 01.05.2026 से 15.05.2026 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

**निविदा संख्या : 346/Dy.CEE/C/NDLS/2025-26, दिनांक: 22.04.2026** 1338/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# चुनाव के बाद त्रिपुरा में हिंसा, सीएम साहा ने सुरक्षा बढ़ाने के दिए निर्देश

**अगरतला, एजेंसी।**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने चुनाव के बाद हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने खोवाई, सिपाहीजला और दक्षिण त्रिपुरा जिलों के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। पार्टी सूत्रों के अनुसार, चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद खोवाई, तेलियामुरा, ताकरजला, बॉक्सानगर और सबरूम जैसे क्षेत्रों में तनाव बढ़ा है। दक्षिण त्रिपुरा में हिंसा की घटनाएं अधिक गंभीर बताई जा रही हैं। यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दो सीटें जीती हैं।



रिपोर्टों के मुताबिक, कुछ शरारती तत्वों पर आरोप है कि वे टिपरा मोथा से जुड़े होकर बाजारों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे जनजीवन और व्यापार प्रभावित हो रहा है।

भाजपा के कई पार्टी कार्यालयों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं ने चिंता और बढ़ा दी है। श्री साहा ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर क्षतिग्रस्त कार्यालयों का निरीक्षण किया और स्थानीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से बातचीत की।उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार शांति बहाल करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा में केवल पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि भाजपा का समर्थन करने वाले आम नागरिक को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था को पुनः स्थापित करना सरकार की प्राथमिकता है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की राजनीतिक या सांप्रदायिक अशांति फैलाने के प्रयासों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने तथा उकसावे में न आने की अपील की।

### तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल से पार्टी मामलों पर चर्चा की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने गुरुवार को यहां लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर राज्य से जुड़े राजनीतिक और संगठनात्मक मामलों पर चर्चा की। बैठक का मुख्य केंद्र तेलंगाना में चल रही विकास और कल्याणकारी पहलें थीं, साथ ही मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी चर्चा हुई। गौड़ ने गांधी को पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें जिला कांग्रेस समिति (डीसीसी) के अध्यक्षों की नियुक्ति, जिला और मंडल समितियों का गठन और बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलएएस) की तैनाती शामिल थी। उन्होंने गांधी को राज्य में हाल ही में कराए गए जाति जनगणना और उसके विस्तृत आंकड़ों को जारी किए जाने के बारे में भी बताया।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः निविदा नोटिस सं० 76/2025-2026 दिनांक 02.01.2026**

1. निविदा सं० 15255237 नियत तिथि 05.05.2026

i. उपरोक्त संदर्भित टेंडर की नियत तिथि 21.04.2026 से बढ़ाकर 05.05.2026 कर दी गई है।

ii. **उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, चार नए दस्तावेज जोड़े गए हैं।**

शेष सभी नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। **www.ireps.gov.in** 1336/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 05/2026-2027 दिनांक 21.04.2026. क्र.सं. 04 निविदा संख्या 10260022 खुलने की तिथि 14.05.2026**

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में खंड 10 अन्य निर्देशों में संशोधन किया गया है।

अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.irepe.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**नोटः** यह उपर्युक्त निविदा में प्रथम शुद्धिपत्र है।

**दिनांकः 23.04.2026** 1358/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सुविधा

### परियोजना को पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है

# देहरादून बाईपास से यातायात में होगा सुधार

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि देहरादून दिल्ली आर्थिक गलियारे से जुड़े देहरादून बाईपास का तेजी से निर्माण किया जा रहा है जिस शहर में भीड़ कम होगी और यातायात का बेहतर तरीके से संचालन किया जा सकेगा। आधिकारिक सूचना के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) उत्तराखंड में 12 किलोमीटर लंबा ग्रीनफील्ड चार-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड बाईपास का निर्माण कर रहा है, जो दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे से जुड़ा होगा।

इस परियोजना के तहत झझरा



से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के पांवटा साहिब-बल्लूपुर खंड को जोड़ने वाले नए ग्रीनफील्ड मार्ग का विकास किया जा रहा है, जो आशारोरी चेक पोस्ट के पास दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे से जुड़कर समाप्त होगा। एनएचएआई के अनुसार लगभग 716 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में अब तक करीब 44 प्रतिशत काम हो चुका है और इसके अगले साल अप्रैल तक पूरा होने की उम्मीद है।

यह पूर्णतः एक्सेस-कंट्रोल्ड राष्ट्रीय राजमार्ग देहरादून के लिए एक वैकल्पिक दक्षिण-पश्चिमी मार्ग के रूप में कार्य करेगा, जिससे गैर-गंतव्य यातायात को शहर के मुख्य शहरी क्षेत्र से हटाकर सेलाक्वी औद्योगिक क्षेत्र, विकासनगर, हर्बर्टपुर और पांवटा साहिब की ओर मोड़ा जाएगा। इससे शहर में यातायात जाम और वाहन प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आने की संभावना है। मंत्रालय ने बताया कि यह परियोजना हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तरी राज्यों के साथ अंतर-राज्यीय संपर्कता को भी बेहतर बनाएगी।

परियोजना को पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।

सड़क की डिजाइन गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है, जबकि कुछ वन क्षेत्रों में इसे 80 किलोमीटर प्रति घंटा रखा गया है।


**MORNING GLORY LEASING AND FINANCE LIMITED**

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

Notice is hereby given that pursuant to Securities and Exchange Board of India ("SEBI") circular no. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 dated January 30, 2026 a special window has been opened for one year from February 5, 2026 to February 4, 2027. This window is setup to facilitate the transfer and dematerialisation ("demat") of physical securities that were sold or purchased prior to April 1, 2019. It also covers transfer requests that were previously submitted but rejected, returned or unattended due to incomplete documentation, process deficiencies, or other reasons. Within this period, any transferred securities must be credited to the transferee strictly in demat mode and will be subject to one year lock-in from the date of registration of the transfer. Please note that these securities cannot be transferred, lien-marked or pledged during the lock-in period, and all proper procedures will be followed for such transfer-cum demat-requests. For more details, please refer to the above mentioned SEBI circular.

Investors interested in submitting a request or taking advantage of this provision should send the necessary documents to the Registrar and Transfer Agent of Morning Glory Leasing and Finance Limited, M/s Bigshare Services Pvt. Ltd. at 302 Kushal Bazar, 32-33, Nehru Place, New Delhi -110019 Tel No.+011-42425004, email: bssdelhi@bigshareonline.com or the Company at email morninggloryleasing@gmail.com

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Raman Kumar
(Company Secretary)

Place : New Delhi
Date : April 23, 2026



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा अनुभवी और सक्षम निविदाकारों से **"दो लिफाफिये प्रणाली"** में निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** लखनऊ डिवीजन के कोचिंग डिपो/अयोध्या कैंट और कोचिंग डिपो/प्रयागराज संगम में सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ, अंबाला डिवीजन के आरओएच डिपो/अंबाला और आरओएच डिपो/खानआलामपुरा में सीएनसी पोर्टल व्हील लेथ, तथा मैकेनिकल वर्कशॉप/अमृतसर और वैगन केयर सेंटर/तुगलकाबाद में सीएनसी सरफेस व्हील लेथ की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग |
| 2 | **कार्य स्थल :** उत्तर रेलवे |
| 3 | **कार्य अवधि :** 12 माह |
| 4 | **अनुमानित लागत राशि :** रुपये 60,58,03,408.02/- (जी.एस.टी.@18% के प्रावधान सहित) |
| 5 | **बयाना राशि (ऑनलाइन जमा करने हेतु) :** रुपये 1,21,16,100/- |
| 6 | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य :** नहीं |
| 7 | **ई-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** |
| 8 | **ई-निविदा पत्र प्राप्त करने की तिथि :** दिनांक 17.04.2026 से 08.05.2026 तक |
| 9 | **ई-निविदा प्रपत्र बंद होने का समय (वेबसाइट पर) :** दिनांक 08.05.2026, 15:00 बजे |
| 10 | **ई-निविदा प्रपत्र खुलने का समय (वेबसाइट पर) :** दिनांक 08.05.2026, 15:00 बजे यदि निविदा खोले जाने की तिथि में अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय पर ही खोली जाएगी। |
| 11 | **ई-निविदा प्रपत्र खोलने का स्थान :** प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |

**सं.: 582-M/155/NR-2026-WT-CNC Wheel Lathes दिनांक: 20.04.2026** 1348/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

